न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सिवाना (एसडीओ) सिवाना पीठासीन अधिकारी श्रीमती कुसुमलता चौहान आर.ए.एस.

मुकदमा नम्बर /2021

प्रार्थी :–

तहसीलदार सिवाना

बनाम

अप्रार्थीगण

1. जयसिंह पुत्र कानसिह
2. दौलतसिंह पुत्र लालसिंह
3. शम्भूसिंह पुत्र लालसिंह

जातियान राजपूत निवासीयान भाटीखेडा तहसील सिवाना जिला बाडमेर

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131,136 भू.राजस्व अधिनियम 1956

:::आदेश::

दिनांक :– 11.08.21

तहसीलदार सिवाना ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 130,131,136 भू.राजस्व अधिनियम सपठित धारा 59,60,66,86 भू.अभिलेख नियम 1970 इस आशय का प्रस्तुत किया । हल्का पटवारी मेली द्वारा अवगत करवाया गया है कि ग्राम भाटी खेडा में खसरा संख्या 1140/375, 1142/376 रकबा 0.2276 व 0.0885 हैक्टयर बालोतरा डामर सडक से तोबेवश्वर महादेव मन्दिर तक चालू स्थाई सार्वजनिक रास्ते जो मौका पर पाया गया है,परन्तु जिनका राजस्व रेकर्ड तथा जमाबन्दी व नक्शे में अंकन नहीं है। प्रकरण दर्ज रजिस्टर कर विप्रार्थीगण को नोटिस जारी किये गये। विप्रार्थीगण उपस्थिति।

राज्य सरकार राजस्व ग्रुप 6 के परिपत्र कमांक प3 (2) राज–6/2003/पार्ट/04 दिनांक 10.08.16 के द्वारा राजकीय भूमि/खातेदारी भूमि में वर्तमान में चल रहे बारहमासी रास्ते ग्रेवल सडक/जो राजस्व रेकर्ड में रास्ते में सडक के रूप में अभिलिखित नहीं है,मौके पर पुराने समय से रास्ता चालू हालत में मौजूद है तथा अब आमजन इस रास्ते का आवगमन के उपयोग/उपभोग मे ले रहे है। हल्का पटवारी ने मौके पर रास्ता चालू हालत में होने की ताईद की है व कोई आपत्ति जाहिर नहीं की है। उक्त आवगमन के रास्ते का रास्ते के रूप में दर्ज करने के निर्देश प्रदान किये जो मौका पर उक्त रास्ता बारहमासी मार्ग राजस्व भाटीखेडा पटवार मण्डल मेली के खसरा संख्या 1140/375, 1142/376 रकबा 0.2276 व 0.0885 हैक्टयर बालोतरा डामर सडक से तोबेश्वर महादेव मन्दिर तक बारहमासी कदीमी रास्ता चल रहा है। अतः ग्राम भाटीखेडा पटवार मण्डल मेली के खसरा संख्या खसरा संख्या 1140/375, 1142/376 रकबा 0.2276 व 0.0885 हैक्टयर

Signature Not Verified
Digitally signed by Kusumlata Chouhan
Date: 2022.03.10 16:59:04 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
सिवाना (बाडमेर)

संलग्न परिशिष्ट 'अ' में चल रहे रास्ता/को सम्बन्धित खातेदार की खातेदारी में रखते हुए प्रार्थना पत्र के संलग्न नजरी नक्शा में वर्णित विवरण अनुसार रास्ता दर्ज करने के आदेश फरमावे।

हमने पत्रावली के संलग्न दस्तावेजात का अवलोकन व अध्ययन किया। तहसीलदार सिवाना द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में उक्त रास्ता ग्रामीण व मौके पर चालू व पुराना रास्ता होना जाहिर किया है। विप्रार्थीगण दिनांक 16.12.2005 को सहमति पत्र द्वारा आमजन के आवगमन हेतु खसरा संख्या 375 व 376 कर रकबा 50.03 व 20.13 बीघा किस्म बा.दो. सेडासेडा माठ के उगमणा सेडा माठ के उपर उपर तक महादेव स्थान तक लगातार 15 फीट चौडा रास्ता आगे तोबेश्वर महादेव मन्दिर तक रास्ता विप्रार्थीगण द्वारा राजस्व रेकर्ड में समर्पित करने की सहमति के आधार पर पंचायत समिति सिवाना द्वारा पत्रांक पंससि/एसजीआरवाई/06/3254–3264 दिनांक 03.08.2006 व ग्राम पंचायत मेली द्वारा पत्रांक ग्रा.प./ 2017/228 दिनांक 14.06.2017 द्वारा वित्तीय आदेश जारी कर 3 लाख की लगात से समर्पित रास्ते पर ग्रेवल सडक का निर्माण किया गया साथ ही राज्य सरकार राजस्व ग्रुप 6 के परिपत्र कमांक प 3 (2) राज–6/ 2003/पार्ट/04 दिनांक 10.08.16 में ऐसे रास्ते जो राजकीय भूमि/खातेदारी भूमि में वर्तमान में चल रहे बारहमासी रास्ते ग्रेवल सडक/जो राजस्व रेकर्ड में रास्ते में सडक के रूप में अभिलिखित नहीं है,मौके पर पुराने समय से रास्ता चालू हालत में मौजूद है तथा अब आमजन इस रास्ते का आवगमन के उपयोग/उपभोग मे ले रहे है। उन रास्ते को राजस्व कटाण मार्ग सम्बन्धित खातेदारो के खातेदारी में रखते हुए गै.मु.रास्ता दर्ज किया जाने हेतु निर्देशित किया गया है ।

अतः तहसीलदार सिवाना का प्रार्थना पत्र स्वीकार कर ग्राम भाटीखेडा पटवार मण्डल मेली के खसरा संख्या 1140/375, 1142/376 रकबा 0.2276 व 0.0885 हैक्टयर बालोतरा डामर सडक से तोबेवश्वर महादेव मन्दिर तक परिशिष्ठ 'अ' व में प्रार्थना पत्र के संलग्न नजरी नक्शानुसार तरमीम का आदेश दिया जाता है, उक्त रास्ते का रकबा पूर्ववत खातेदार के खातो में ही दर्ज रहेगा। परिशिष्ठ 'अ' व प्रार्थना पत्र के संलग्न नजरी नक्शा आदेश का अभिन्न रहेगा। पक्षकारन अपना–अपना खर्चे स्वंय वहन करे। पत्रावली फैसल शुमार होकर के दाखिल दफ्तर हो।

Signature Not Verified

Digitally signed by Kusumlata Chouhan
Date: 2022.03.10 10:59:34 IST
Reason: SelfAttested

(कुसुमलता चौहान)
भू अभिलेख अधिकारी
(एस.डी.ओ.) सिवाना

आदेश आज खुले न्यायालय में दिनांक 11.08.2021 को सुनाया गया।

(कुसुमलता चौहान)
उपखण्ड अधिकारी
भू अभिलेख अधिकारी
सिवाना (बाड़मेर)

किश्तवार (आंशिक)
मौजा आटी खेड़ा......
तहसील सिवाना ...-बाड़मेर
पैमाना 1 इंच = 80 गट्ठा



जमाबंदि: शाह

सरकारी परियोजनार्थ के लिए निःशुल्क नकल जारी

सरकारी परियोजनार्थ के लिए निःशुल्क नकल जारी

4-8-21
पटवारी (भू.अ.) मेली

5-8-21
पटवारी (भू.अ.) मेली

(भू.अ.) सिवाना

स्वीकृत

उपखण्ड अधिकारी
सिवाना (बाड़मेर)

तहसीलदार (भू.अ.) सिवाना

Signature Not Verified

Digitally signed by Kusumlata Chouhan
Date: 2022.03.10 10:59:04 IST
Reason: SelfAttested